भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +3268
सोमवार, 9 अगस्त, 2021/18 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में प्रसिद्ध मंदिरों का नवीनीकरण

+3268. श्री टी.आर.वी.एस. रमेश:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार का पर्यटन आकर्षण की दृष्टि से कुड्डालोर जिले के विभिन्न मंदिरों के दृश्य प्रभाव को बढ़ाने का विचार है;
(ख) तमिलनाडु राज्य में मंदिरों की जिले-वार कुल संख्या कितनी है; और
(ग) क्या सरकार का तीर्थयात्रा और पूजा की दृष्टि से पर्यटक आकर्षण स्थल होने के नाते कुड्डालोर जिले में प्रसिद्ध मंदिरों के ढांचों को मजबूत और नवीनीकृत करने का विचार है?

उत्तर
पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ग) : पर्यटन मंत्रालय प्रशाद योजना के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को मंदिरों के दृश्य प्रभाव को बढ़ाने सहित देश के चयनित मंदिर गंतव्यों पर तीर्थ यात्रा पर्यटन अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंदिरों/गंतव्यों का चयन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर किया जाता है। इस समय कुड्डालोर जिले के एक मंदिर के लिए कोई भी प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

(ख) : पर्यटन मंत्रालय द्वारा ऐसी कोई सूची तैयार नहीं की जाती है।

*****